# कार्यालय जिलाधिकारी, गाजीपुर

पत्रांक 1707 / बैठक / 63 दिनांक– 12/06/2025

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न पाईप पेयजल योजनाओं की अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनाकं–10.06.2025 को हुई प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न पाइप लाइन पेयजल योजनाओं की दिनांक–10.06.2025 को हुई समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

1– जिलाधिकारी, गाजीपुर।
2– मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर।
2– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) गाजीपुर।
3– समस्त सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) गाजीपुर।
4– जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 गाजीपुर।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स लार्सन एंड टुब्रो।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एण्ड एस0एम0सी0 इन्फ्रास्ट्रक्चर।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स एच0एफ0सी0एल0।
8– डी0पी0एम0– टी0पी0आई0, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, गाजीपुर।

"जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओ की प्रगति समीक्षा बैठक इस बैठक से पूर्व अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 05.05.2025 को आहूत की गयी थी। उक्त समीक्षा बैठक में जनपद में "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजनाओं की प्रगति धीमी पायी गयी। मुख्यतः ओवर हेड टैंक के निर्माण कार्यो हेतु कार्यदायी संस्थाओं के पास पर्याप्त टीमें /मैनपावर न होने के कारण प्रगति धीमी है। जबकि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अधिकांश पेयजल योजनाओं में पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने एवं गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिये गये है। चूँकि शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य अपेक्षाकृत टाईम टेकिंग है इसलिए यह उचित होगा कि हमें शीर्ष प्राथमिकता पर बिछायी जा चुकी वितरण प्रणाली एवं गृह जल संयोजन से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ करा देना चाहिए, जिससे ग्रामवासियों को योजना का लाभ जल्द से जल्द प्राप्त हो सकेगा साथ ही शिरोपरि जलाशय के कार्य समानान्तर चलते रहेगें एवं जिन पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण किये जा चुके है उनमें शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय। क्योकि वितरण प्रणाली एवं गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण है इसलिए जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि ऐसी पेयजल योजनाएं जिनमे वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है एवं गृह जल संयोजन प्रदान किये जा चुके है उन योजनाओं में डायरेक्ट पम्पिंग अथवा शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने की कार्य योजना निर्धारित प्रारूप पर कार्यदायी संस्थाओं से प्राप्त कर ली जाय। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0 एण्ड टी0 के पत्रांक–LTCD/GZP/WET/WW/SKP/2024-25/756 दिनांक 08.05.2025 मेसर्स वी0एस0ए0 के पत्रांक–VSAIPPL-SMC JV/EE/2025-26/190 दिनांक 09.05.2025 एवं मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 के पत्रांक–HFCL/SWSM/2025-56/558 दिनांक 08.05.2025 द्वारा सूचनाएं निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करा दी गयी थी। कार्यदायी संस्थावार सम्भावित जलापूर्ति प्रारम्भ होने वाली पेयजल योजनाओं का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | माह का विवरण | कार्यदायी संस्थावार सम्भावित जलापूर्ति प्रारम्भ होने वाली पेयजल योजनाओं का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| | | मेसर्स एल0 एण्ड टी0 योजनाओं की संख्या | मेसर्स वी0एस0ए0 योजनाओं की संख्या | मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 योजनाओं की संख्या |
| 1 | दिनांक 09.05.2025 तक संचालित योजनाएं | 75 | 57 | 66 |
| 2 | मई–2025 | 0 | 21 | 21 |
| 3 | जून–2025 | 3 | 35 | 32 |
| 4 | जुलाई–2025 | 16 | 26 | 45 |
| 5 | अगस्त–2025 | 16 | 39 | 44 |
| 6 | सितम्बर–2025 | 11 | 25 | 44 |
| 7 | अक्टूबर–2025 | 17 | 19 | 56 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | नवम्बर–2025 | 18 | 14 | 64 |
| 9 | दिसम्बर–2025 | 6 | 21 | 17 |
| 10 | जनवरी–2026 | 0 | 14 | 0 |
| | कुल योग– | 162 | 271 | 389 |

"जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक पुनः अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 10.06.2025 को आहूत की गयी। जिसमें कार्यदायी संस्था मेसर्स वी0एस0ए0 को लक्षित 21 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 07 नग पेयजल योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ करायी गयी। इसी प्रकार मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 को लक्षित 21 नग पेयजल योजनाओं में से मात्र 16 नग पेयजल योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ करायी गयी। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रारम्भ करायी गयी पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने का सत्यापन अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नानुसार सत्यापन सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जू0इं0, टी0पी0आई0, आई0एस0ए0 के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यदायी संस्था के साईट इंजीरियर की उपस्थिति में कराया गया, जिसमें पेयजल योजनाओं से प्रारम्भ की गयी जलापूर्ति की स्थिति का विवरण निम्नानुसार है:–

| Sl. No. | Agency Name | Block Name | Scheme Name | RV No. | Proposed FHTC | FHTC Done | Functional FHTC | Non Functional FHTC | Water Supply (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | HFCL | Kasimabad | Sawana | 3 | 356 | 138 | 45 | 92 | 12.64% |
| 2 | HFCL | Kasimabad | Badaura & Mahranpur | 4 | 361 | 330 | 40 | 314 | 11.08% |
| 3 | HFCL | Manihari | Firozshah& Chakbakar | 6 | 477 | 132 | 67 | 65 | 14.04% |
| 4 | HFCL | Sadat | Barahpar Bhojurai | 2 | 274 | 167 | 30 | 137 | 10.95% |
| 5 | HFCL | Sadat | Mahpur | 2 | 343 | 162 | 10 | 132 | 2.92% |
| 6 | HFCL | Jakhania | Khanpur Raghubar rai | 4 | 393 | 119 | 23 | 96 | 5.85% |
| 7 | HFCL | Bhawarkol | Nikrojpur | 2 | 261 | 226 | 108 | 128 | 41.38% |
| 8 | HFCL | Saidpur | Soniyapar | 3 | 239 | 70 | 30 | 40 | 12.55% |
| 9 | HFCL | Saidpur | Tarawn | 3 | 494 | 98 | 41 | 57 | 8.30% |
| 10 | HFCL | Kasimabad | Siura | 1 | 587 | 365 | 60 | 305 | 10.22% |
| 11 | HFCL | Saidpur | Ahladpur | 1 | 247 | 238 | 30 | 208 | 12.14% |
| 12 | HFCL | Jakhania | Amabanshi | 1 | 388 | 429 | 70 | 395 | 18.04% |
| 13 | HFCL | Saidpur | Jameen Asandal | 3 | 409 | 601 | 80 | 521 | 19.55% |
| 14 | HFCL | Jakhania | Padumpur Magrai | 2 | 252 | 308 | 40 | 268 | 15.87% |
| 15 | HFCL | Sadat | Devapar | 2 | 280 | 382 | 55 | 327 | 19.64% |
| 16 | HFCL | Saidpur | Hariharpur | 2 | 235 | 300 | 38 | 262 | 16.17% |
| | | | **Total-** | **38** | **5240** | **3927** | **722** | **3255** | **14.46%** |
| 1 | VSA | Mardah | Singera | 2 | 1400 | 630 | 215 | 415 | 15.36% |
| 2 | VSA | Bhawarkol | Sukhdehra | 3 | 535 | 428 | 295 | 140 | 55.14% |
| 3 | VSA | Bhawarkol | Kanuwan | 3 | 537 | 298 | 180 | 158 | 33.52% |
| 4 | VSA | Barachawar | Barachawar | 5 | 820 | 491 | 207 | 284 | 25.24% |
| 5 | VSA | Barachawar | Karimuddinpur | 3 | 1835 | 800 | 350 | 450 | 19.07% |
| 6 | VSA | Barachawar | Patar | 1 | 631 | 418 | 70 | 348 | 11.09% |
| 7 | VSA | Mardah | Govindpur Kirat Harhari | | 299 | 277 | 150 | 127 | 50.17% |
| | | | **Total-** | **17** | **6057** | **3342** | **1467** | **1922** | **29.94%** |

कार्यदायी संस्था मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 को मई माह हेतु लक्षित 21 नग पेयजल योजनाओं में 6308 नग गृह जल संयोजन में जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जबकि संस्था द्वारा मात्र 16 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ करायी गयी जिसमें 5240 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये जाने थे, परन्तु संस्था द्वारा

Letter/EE/2024/929

मात्र 722 नग गृह जल संयोजन में जलापूर्ति उपलब्ध करायी गयी जो कि मई माह के प्रस्तावित लक्ष्य का मात्र 11.45 प्रतिशत एवं जलापूर्ति उपलब्ध करायी गयी योजनाओं के लक्ष्य का 14.46 प्रतिशत है। इसी प्रकार कार्यदायी संस्था मेसर्स वी0एस0ए0 को 21 नग पेयजल योजनाओं में 12543 नग गृह जल संयोजन में जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जबकि संस्था द्वारा मात्र 07 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ करायी गयी जिसमें 6057 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये जाने थे, परन्तु संस्था द्वारा मात्र 1467 नग गृह जल संयोजनों में जलापूर्ति उपलब्ध करायी गयी जो की मई माह के प्रस्तावित लक्ष्य का मात्र 11.70 प्रतिशत एवं जलापूर्ति उपलब्ध करायी गयी योजनाओं के लक्ष्य का 29.94 प्रतिशत है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि मई माह एवं जून माह में कार्यदायी संस्थाओं को लक्षित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित गृह जल संयोजन का लगभग 90 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जानी चाहिए। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 05.05.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में यह सुनिश्चित कर दिया गया था कि शिरोपरि जलाशय के कार्य निर्माणाधीन है इसलिए डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से शीर्ष प्राथमिकता पर बिछाये गये वितरण प्रणाली के कम से कम 90 प्रतिशत भाग मे जलापूर्ति चालू होनी चाहिए परन्तु उपरोक्तानुसार सत्यापन रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि मात्र दिखावे हेतु कुछ पेयजल योजनाओं में डायरेक्ट पम्पिंग से जुड़ी हुयी वितरण प्रणाली में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जिन वितरण प्रणाली में गैप है उसे यथावत छोड़ दिया गया तथा जहाँ पर लीकेज प्राप्त हुए उन्हे भी ठीक नहीं कराया गया है जिस कारण जलापूर्ति पूर्ण नेटवर्क में प्रारम्भ नहीं हो सकी। कार्यदायी संस्थाओं ने लक्षित पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने मे लापरवाही बरती है एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्देशों को गम्भीरता से नहीं लिया गया। जबकि अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि यदि कार्यदायी संस्थाएं 10 से 15 दिवस में पूर्ण क्षमता पर कार्य करती तो लक्षित टारगेट को प्राप्त किया जा सकता था।

कार्यदायी संस्था मेसर्स वी0एस0ए0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह अनुरोध किया गया कि मई माह एवं जून माह हेतु लक्षित 56 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने में कठिनाई हो सकती है, अतएव मेरी संस्था का लक्ष्य 56 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने के सापेक्ष 30 नग कर दिया जाय, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सहमति प्रदान की गयी एवं निर्देश दिये गये कि सभी 30 नग पेयजल योजनाओं के 90 प्रतिशत गृह जल संयोजनों में जलापूर्ति प्रारम्भ होनी चाहिए इसी प्रकार कार्यदायी संस्था मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 को 53 नग एवं कार्यदायी संस्था एल0 एण्ड टी0 को 3 नग पेयजल योजनाओं के पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुसार जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि आप संस्थाओं द्वारा स्वयं निर्धारित किये गये लक्ष्य को यदि माह मई एवं जून के अन्त तक कम से कम 90 प्रतिशत भाग में जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की जाती है तो उसकी सूचना माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय को दी जायेगी एवं अवगत कराया जायेगा कि कार्यदायी संस्थाएं अपनी मनमर्जी से कार्य कर रही है। जिन्हे जिला स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में दिये गये निर्देशों का कोई महत्व नहीं है।

अन्त में समस्त कार्यदायी संस्थाओ एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उपरोक्तानुसार लक्षित पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्थाएं जून माह के अन्त में दिनांक 25–28 के मध्य निर्धारित प्रारूप पर सूचना अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध करायेगें एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) जलापूर्ति की जा रही योजनाओं का सत्यापन संयुक्त रूप से सहायक अभियन्ता, जू0इं0, टी0पी0आई0 एवं आई0एस0ए0 से सत्यापित कराते हुए सत्यापन रिपोर्ट आगामी जुलाई माह में सम्भावित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

(अविनाश कुमार)
जिलाधिकारी
गाजीपुर

पृ0सं0– 1707 / बैठक / 63 दिनांकः 12/06/2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रथम तल किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता(वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), वाराणसी।
5. वित्त निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), वाराणसी।
7. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय गाजीपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजीपुर।
9. समस्त कार्यदायी संस्था, डी0सी0–डी0पी0एम0यू0, डी0पी0एम0–टी0पी0आई0, गाजीपुर।

जिलाधिकारी
गाजीपुर